श्रीकृष्ण भवन ( गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स) 283, वैस्टर्न कचहरी मार्ग, मेरठ। फोन: 0121-2641338
shramshikhar@gmail.com shram shikhar shramshikhar.co.in

हिन्दी साप्ताहिक

# श्रम शिखर

सकारात्मक- सूचनात्मक उपयोगी समाचार

प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981
डाक पंजीकरण संख्या–मेरठ
153–2025–2027
RNI No. UPHIN/2009/31760
वर्ष 17 अंक 01
विक्रम संवत 2081
पौष कृष्ण पंचमी से
पौष शुक्ल षष्ठी
30 दिसम्बर सोमवार से
05 जनवरी रविवार 2025 तक
कुल पृष्ठ 04 मूल्य 8रु/-

हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर
सरकारी विभाग
उपलब्धियां और योजनाएं
मेरठ राइजिंग
शासकीय विभागों से निवेदन कि अपनी उपलब्धियां, योजनाएं, विस्तृरित परिचय प्रकाशनर्थ भेजें।

## नई शिक्षा नीति को मिली, केन्द्रीय कैबिनेट की मंजूरी

भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित केन्द्रीय सरकार की कैबिनेट की स्वीकृति के बाद 36 साल बाद देश में नई शिक्षा नीति लागू हो गई ।

---

कैबिनेट ने नई शिक्षा नीति New Education Policy 2023 को हरी झंडी दे दी है. 36 साल बाद शिक्षा नीति में बदलाव किया गया है. नई शिक्षा नीति की उल्लेखनीय बातें सरल तरीके की इस प्रकार हैं

Five Years Fundamental
1. Nursery @ 4 Years
2. Jr KG @ 5 Years
3. Sr KG @ 6 Years
4. Std 1st @ 7 Years
5. Std 2nd @ 8 Years

Three Years Preparatory
6. Std 3rd @ 9 Years
7. Std 4th @10 Years
8. Std 5th @11 Years

Three Years Middle
9. Std 6th @ 12 Years
10.Std 7th @ 13 Years
11.Std 8th @ 14 Years

Four Years Secondary
12.Std 9th @ 15 Years
13.Std SSC @ 16 Years
14.Std FYJC @ 17Years
15.STD SYJC @18 Years

खास बातें केवल 12वीं क्लास में होगा बोर्ड

★MPhil होगा बंद, कॉलेज की डिग्री 4 साल की

★ 10 वीं बोर्ड खत्म–

◆अब 5वीं तक के छात्रों को मातृ भाषा, स्थानीय भाषा और राष्ट्र भाषा में ही पढ़ाया जाएगा. बाकी विषय चाहे वो अंग्रेजी ही क्यों न हो, एक सब्जेक्ट के तौर पर पढ़ाया जाएगा।
पहले 10वी बोर्ड की परीक्षा देना अनिवार्य होता था, जो अब नहीं होगा.

★ 9वीं से 12वीं क्लास तक सेमेस्टर में परीक्षा होगी. स्कूली शिक्षा को 5+3+3+4 फॉर्मूले के तहत पढ़ाया जाएगा।

◆वहीं कॉलेज की डिग्री 3 और 4 साल की होगी. यानि कि ग्रेजुएशन के पहले साल पर सर्टिफिकेट, दूसरे साल पर डिप्लोमा, तीसरे साल में डिग्री मिलेगी. ।

◆3 साल की डिग्री उन छात्रों के लिए है जिन्हें हायर एजुकेशन नहीं लेना है. वहीं हायर एजुकेशन करने वाले छात्रों को 4 साल की डिग्री करनी होगी. 4 साल की डिग्री करने वाले स्टूडेंट्स एक साल में MA कर सकेंगे.

●MA के छात्र अब सीधे Ph D कर सकेंगे.

★स्टूडेंट्स बीच में कर सकेंगे दूसरे कोर्स. हायर एजुकेशन में 2035 तक ग्रॉस एनरोलमेंट अनुपात 50 फीसदी हो जाएगा. वहीं नई शिक्षा नीति के तहत कोई छात्र एक कोर्स के बीच में अगर कोई दूसरा कोर्स करना चाहे तो पहले कोर्स से सीमित समय के लिए ब्रेक लेकर वो दूसरा कोर्स कर सकता है.

■हायर एजुकेशन में भी कई सुधार किए गए हैं. सुधारों में ग्रेडेड अकेडमिक, ऐडमिनिस्ट्रेटिव और फाइनेंशियल ऑटोनॉमी आदि शामिल हैं. इसके अलावा क्षेत्रीय भाषाओं में ई-कोर्स शुरू किए जाएंगे. वर्चुअल लैब्स विकसित किए जाएंगे. एक नैशनल एजुकेशनल साइंटफिक फोरम (NETF) शुरू किया जाएगा. बता दें कि देश में 45 हजार कॉलेज हैं.

●सरकारी, निजी, डीम्ड सभी संस्थानों के लिए होंगे समान नियम।

–धर्मेंद्र प्रधान
शिक्षा मंत्री


R.R. ADVERTISING SERVICES
Call Us To Book Your Ads.
0121-2641338, 9690331338
Get your ads Published in the most read Newspaper in the country

CLASSIFIED
ADVERTISEMENT
» BUSINESS
» OBITUARY
» PUBLIC NOTICE
» CHANGE OF NAME
» LOST AND FOUND
» JOBS INFORMATION
» SALE & PURCHASE



— Visit Location —
SHRI KRISHAN BHAWAN, 283, WESTERN KUTCHERY ROAD, MEERUT- 250001
website- rradvertisingmeerut.com I E-mail - rradvertisingmeerut@gmail.com RR Advertising Services

YOU CAN BOOK
CLASSIFIED
ADVERTISEMENT
OVER PHONE IN MEERUT



हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर
FOR MORE DETAILS CONTACT
0121-2641338
9690331338

rradvertingmeerut.com

MONTHS

| 2025 DATES | | | | | JAN OCT | MAY | AUG | FEB,MAR NOV | JUNE | SEP DEC | APRIL JULY |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 15 | 22 | 29 | WED | THU | FRI | SAT | SUN | MON | TUE |
| 2 | 9 | 16 | 23 | 30 | THU | FRI | SAT | SUN | MON | TUE | WED |
| 3 | 10 | 17 | 24 | 31 | FRI | SAT | SUN | MON | TUE | WED | THU |
| 4 | 11 | 18 | 25 | | SAT | SUN | MON | TUE | WED | THU | FRI |
| 5 | 12 | 19 | 26 | | SUN | MON | TUE | WED | THU | FRI | SAT |
| 6 | 13 | 20 | 27 | | MON | TUE | WED | THU | FRI | SAT | SUN |
| 7 | 14 | 21 | 28 | | TUE | WED | THU | FRI | SAT | SUN | MON |



तानिया भारद्वाज (कक्षा - 12th)
मेरठ पब्लिक गर्ल्स स्कूल, मेरठ

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY CLASSIFIED MEERUT
www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



EDUCATION
शिक्षा कार्य- शिक्षा संबन्धित जानकारियों और विभिन्न कोर्सो के विज्ञापन हेतू आवश्यकता/उपलब्धता




## बुद्धि की दुनिया से हृदय की दुनिया का भी संबंध है तो.... ओशो

परमात्मा से तर्क का कोई संबंध नहीं है। बुद्धि वहां नहीं जाती। वहां जाता है हृदय, वहां जाता है प्रेम। और प्रेम को कैसे विवाद से तय करें? प्रेम को कैसे निर्णय करें? प्रेम को तो जाना जा सकता है, प्रेम को जीया जा सकता है, प्रेम में डूबा जा सकता है। परमात्मा को पाया भी जा सकता है, लेकिन परमात्मा की दावेदारी नहीं की जा सकती। क्योंकि दावेदारी बुद्धि का काम है और पाना हृदय का काम है।

इस बात को ठीक से समझ लेना जरूरी है। इस बात को बहुत ठीक से समझ लेना जरूरी है। आंख से हम देखते हैं, कान से नहीं देखते। और अगर कान को कभी तय करना पड़े कि प्रकाश है या नहीं, तो कान क्या करेगा? कान बड़ी मुश्किल में पड़ जाएगा। यही होगा कि वह कहेगा, नहीं, कोई प्रमाण नहीं है, कभी मैंने प्रकाश को बजते नहीं सुना। कान कहेगा, बजे तो मैं जानूं। क्योंकि कान सिर्फ ध्वनियों को जान सकता है।

आंख को अगर कभी ध्वनि को जानने के लिए मौका पड़ जाए और अगर कान कभी आंख से कहे कि ध्वनि सुनी है कभी? सुना है कभी सितार? आंख कहेगी, कैसी झूठी बात करते हो, मैंने कभी संगीत का दर्शन नहीं किया! और जब तक दर्शन न हो, तब तक मैं कैसे मान लूं? आंख इनकार कर देगी।

आंख की अपनी दुनिया है जानने की, कान की अपनी दुनिया है जानने की। ऐसे ही बुद्धि की अपनी दुनिया है जानने की, हृदय की अपनी दुनिया है जानने की। बुद्धि की दुनिया से हृदय की दुनिया का कोई भी संबंध नहीं। लेकिन लोग परमात्मा को सिद्ध करने के लिए दलीलें देते हैं। इस दुनिया में दो तरह के नास्तिक हैं। एक वे जो कहते हैं, ईश्वर है, हम सिद्ध करके बता देंगे। जैसे कि उनके सिद्ध करने पर ईश्वर का होना निर्भर है। जैसे ये सिद्ध न करेंगे तो बेचारा ईश्वर नहीं हो जाएगा। अगर ये कहीं चूक गए, भूल-चूक हो गई, ईश्वर मरा। इनके तर्क पर निर्भर है उसका होना! एक वे हैं जो कहते हैं, हम सिद्ध कर देंगे कि ईश्वर है।

इन्हीं के ही उत्तर में दूसरा नास्तिक पैदा हुआ है। वह कहता है, हम सिद्ध कर देंगे कि ईश्वर नहीं है। और असल में सिद्ध करने वाला ही ईश्वर को कभी नहीं पा सकता..चाहे वह पक्ष में सिद्ध करता हो, चाहे विपक्ष में सिद्ध करता हो। क्योंकि सिद्ध होता है बुद्धि से और अनुभव होता है हृदय से। हृदय से कुछ सिद्ध नहीं होता। हृदय से कुछ भी सिद्ध नहीं होता।

इसलिए जिन्होंने परमात्मा को जाना है, वे वे लोग नहीं हैं जो कहते हैं कि हम सिद्ध कर देते हैं। जिन्होंने परमात्मा को नहीं जाना, वे लोग हैं जो कह रहे हैं कि हम सिद्ध कर देंगे। और इन्हीं नासमझों ने, ईश्वर को सिद्ध करने वाले पंडितों ने, नास्तिक पैदा किए हैं। नहीं तो नास्तिक कभी पैदा नहीं होते। ध्यान रहे, जब कोई बहुत जोर से कहेगा, ईश्वर है और सिद्ध करेगा, तो सब तरह के तर्क खंडित किए जा सकते हैं। ऐसा कोई भी तर्क नहीं है जो खंडित न किया जा सके। तर्क दुधारी तलवार है, वह एक ही साथ दोनों तरफ काटती है। उससे कोई फर्क नहीं पड़ता, सिर्फ कुशल आदमी चाहिए, तर्क कुछ भी सिद्ध करता है। और तर्क जिसको सिद्ध करता है, उसको असिद्ध भी कर सकता है।

– ओशो रजनीश

## हमारे बुजुर्ग-हमारी सम्पदा
## (मार्ग-दर्शक हमारे वरिष्ठ नागरिक)

वरिष्ठ नागरिक परिपक्व पुष्प है जिसकी सुगंध से समाज को उनके अनुभवों द्वारा लाभान्वित किया जा सकता हैं। क्योंकि प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक एक स्वयं संस्थान है। जिसके द्वारा युवा पीढ़ी मार्गदर्शन प्राप्त कर विकास के पथ पर अग्रसर होगी। वरिष्ठ नागरिक फोरम सद्भावना समिति मेरठ का मिशन है। कि मेरठ के सभी वरिष्ठ नागरिकों की रचनात्मकता का सदुपयोग हो प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक को श्रम शिखर समाचार पत्र की वार्षिक सदस्यता प्रदान की जायेगी जिससे वे अपने अनुभव, रचनाएं (कविता, कहानी, लेख आदि) श्रम शिखर में प्रकाशन हेतू भेज सके।

### जिन्दगी का सफर काटोगें कैसे (लेख)



जिन्दगी का सफर है बहुत लम्बा, कैसें काटोगें उसको
ऊपर वाले ने दे दिया उम्र के हिसाब से सारे टिप्स,
बस-उन्ही के सहारे कट जाते है। कुछ जीवन के पल।
हर उम्र में अधिकार होते है, काम और कर्त्तव्यों की
लड़ी लम्बी, करते रहो काम हो जायेगी जिन्दगी धीरे-धीरे पूरी।
जीवन में निडरता, साहस, सहिष्णुत की कभी- मत रखना कमी।
बस-समय का रखना ख्याल उसको मत बिसारना।
जीवन में कर्त्तव्यों की भूमिका के बीच मत आने देना पैसा, भोग विलास
को राह में अपनी ऐसी नही है कि जीवन दुखी और होगा लाचार
बस-विवेक और साहस से हर पल को समझ कर ही करना अपने सब काम
किससे कैसे करना है व्यवहार वैसे ही उससे रखना अपना व्यवहार ।
बस सारी तो उम्र कट जाती है। शैशव, जवानी में हंसी, खुशी
किन्तु-बुढापा जरा दुखी और बेबसी करा देता है। क्योंकि शरीर के सभी
अंग हो जाते है। शिथिल उसके कारण सबकी सुननी पड़ती है। किन्तु
इनका जीवन पर प्रभाव मत पडने देना, धैर्य, विनम्रता और प्यार से अपना
व्यवहार रखना देखों जिन्दगी बीत जायेगी सहजता से ही । जिन्दगी के
सफर में स्वभाव की बडी भूमिका होती है उसे रखो सहज और विनम्र
अपने और परायें आयेगें खीचे हुये तुम्हारे जीवन में। सफर जिन्दगी का
कट जायेगा, सुन्दर और शान्ति से भी याद करेंगे सब तुमको
जग से अलविदा होने पर भी....

# विकसित भारत के लिए युवा विजन और युवा सामर्थय 2025 जन चर्चा में जन-जन आमंत्रित है

## इस विषय पर अपने मोबाइल से लघु फिल्म बनाइयें अपना परिचय भी दीजियें, और भेज दीजिए/ डिजिटल प्लेटफार्म पर इसे दिखाया जा सकता है

**इससे आपको अनुभव व पहचान मिलेगी।** sadbhavnasamiti.in | Sadbhavna Waves | 9675834737 | sadbhavnasamitimeerut@gmail.com

1. मेरठ के विकास में बिजली की आवश्यकता के लिए संभावनाएं है आपके विचारणीय एंव सुझाव आमंत्रित है। प्रत्येक ट्रांसफार्मर की क्षमता एवं उससे जुड़े उपभोक्ताओं का लोड का ऑडिट लेना चाहिए। नगर विकास में सराहनीय परिणाम प्राप्त होगें।
2. सभी मंदिरों के लिए सोलर सिस्टम लगाना आवश्यक किया जाना, विचारणीय प्रस्ताव हों। इसके लिए विद्युत सहयोग मंदिर भवनों का भी उपयोग होगा। किसानो की तर्ज पर 90 प्रतिशत सब्सिडी पर मंदिर सोलर प्लान्ट लगाने के दी जानी चाहिए।
3. ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की बड़ी संभावना है। विभागीय स्तर पर उत्पादन, वितरण, संरक्षण की बडी संभावनाएं हैं सभी शिक्षण संस्थाओं में उपलब्ध छातों पर 50 किलो या ज्यादा के सोलर सिस्टम लगाने की उचित व्यवस्था बनायें। इससे शिक्षण संस्थाओं में बिजली उपलब्ध होगी। शिक्षण बेहतर होगा। किसानो को सोलर प्लान्ट 90 प्रतिशत सब्सिडी पर मिल रहे है। इसी सब्सिडी पर स्कूलों में सोलर प्लान्ट लगाये जाने की अनुमति देने की कृप्या करें।
4. कानून बहुसंख्याओं के अनुसार चलेगा– जज शेखर यादव (हिन्दुस्तान में 11–12–2024) इससे अनेक प्रश्न उठ खड़े हुए है गत 1950 बनें संविधान का उपयोग क्या बहुसंख्यों के लिए हो रहा है या कमाऊ जनता के पैसे किस समूह पर खर्च हो रहे है। क्या संविधान अल्प संख्या को पोषित कर रहा है। क्या अंक्रातओं का पोषण मिल रहा है। आजादी के बाद अंक्राताओं का विकास क्या कारण है। न्याय व्यवस्था में भारी विलम्ब देश के विकास में बाधा है। व्यवहारिक, प्राकृतिक व्यवहार कही संविधान में है? यह विचारणीय है। अधिवक्ताओं– प्रसाद भूषण, कपिल सिब्बल आदि एवं असदुदीन औवेसी जैसे अनेक लोग भारतीय राष्ट्र धर्म के लिए कितने आक्राताओं के पक्षधार है और अदालतें, कार्यपालिका इनके प्रति कितनी जिम्मेदार है।
5. मेरठ में 2023 में फर्जी स्टॉप घोटाले में शासन की जिम्मेदारी है। जनता क्यों पिसी जा रही है।
6. सेंट्रल मार्केट भू उपयोग एवं इस प्रकार की व्यवस्था पूरे देश में है। शासन व्यवस्था के कारण जनता क्यों पिस रही है
7. आन्दोलन की तरीके में बदलाव हो, भारत 2047 विजन में, क्या अब शासन में सहयोग अभियान की आवश्यकता है।
8. बिजली विभाग निजीकरण आवश्यक है, विकास के लिए इससे क्या संभावनाएं है।
9. 26 जनवरी 1950 अंगीकार भारतीय संविधान 75 वर्ष का हो गया है। संविधान का उद्देश्य/मंशा की जनता सर्वोपरी हो आज कितना जन–जन सर्वोपरी अनुभव कर पा रहा है।
10. दुनिया में 828 मीटर तक ऊंची इमारते है चीन में 3320 इमारतें 300 मीटर या इससे भी ऊंची है भारत में भी 300 मीटर तक कुछ ही इमारते है। जनसंख्या समृद्धि के चलते ऊंची इमारते भारत की जरूरतें है भारत में, मेरठ उत्तर प्रदेश में ऊंची इमारतों के लिए बेहतर नियम–कायदें विकसित करने की जरूरत है। ऊंची इमारतों में पशुओं एवं खेती के लिए भी 25 प्रतिशत मंजिलें बनानी आवश्यक है।
11. जन–जन आमंत्रण अपने मन की बात सड़कें, स्वस्थ, सुगम यातायात भी और मौत भी, राजमार्ग हो या शहर या गांव की सड़के सभी यातायात को सुगम, सुलभ करने के लिए बनाये जाते है। लेकिन रोजना ही मौत/दुर्घटना की खबरे भी आती है। दुर्घटनाओं के लिए जन–जन काफी हद तक यातयात के नियमों का पालन न करना या जानकारी न होना भी है। इस के साथ बड़ा कारण सड़कों का रफ्तार और सामर्थ के अनुसार न बनाया जाना भी है।
12. जन–प्रतिनिधियों, राजनीतिक पार्टियों को शासन हाऊस में बात उठानी चाहिए। सड़को पर आंदोलन करना अपराध घोषित हो?




# पश्चिमांचल बिजली निगम में बिजली राजस्व संग्रह केन्द्रो पर बाहय एजेंसी के कार्मिक लगें।

उ०प्र० पॉवर कारपोरेशन की पश्चिमी उ०प्र० के मेरठ, गाजियाबाद, सहारनपुर, रामपुर, बिजनौर आदि १४ जनपदों की बिजली व्यवस्था का प्रबन्ध कर रही पश्चिमांचल विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा अपने अधीन इन जनपदो में बिजली कम्पनी द्वारा अपने अधीन इन जनपदों में बिजली राजस्व एकत्र राजस्व सग्रंह केन्द्रों पर लेने के लिए एवं सीएससी के माध्यम से कराने के आदेश इन जनपदो के क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ताओं को अपने आदेश के द्वारा किया गया है

अखिल भारतीय लोकाधिकार संगठन ने बिजली विभाग के इस आदेश के संबंध में उपभोक्ताओं संगठनो या उद्योग व व्यापार संगठनो को दी गयी है।

विभाग के स्टॉफ से हटकर नीति कम्पनी से अनुबन्ध पर कार्मिक पर लेकर इनके द्वारा एकत्र राजस्व को बैंको मे जमा करेगा व इनके द्वारा एकत्र राजस्व की उपभोक्ता को दी जाने रसीद व श्रमाधन के बिल खाते में सही जमा होने के दायित्व के प्रति विभाग कितना उत्तरदायित्व होगा। इन कार्मिको की कम्पनी का कितना दायित्व होगा उपलब्ध होने वाले कार्मिक के उपभोक्ताओं से व्यवहार एवं प्रशिक्षण व चरित्र प्रमाणिकता के संबंध में भी आदेश मौन है।

बिजली विभाग अपने कैश काउन्टरों से राजस्व वसूली करने के साथ अन्य अनेको माध्यम से विद्युत खर्च राजस्व वसूलता है इनमें अनेक माध्यम डाक खाना , जनदेश केन्द्र आदि विभाग के सहयोग से चल नही पायें परिचालन में बाह्य एजेंसी कार्मिक कितना लाभकारी होगें।

तथा उपभोक्ताओं के साथ धोखा, फ्रेब नही होगा। इसकी सुनिश्चिता होते नही दिखती है। एवं विभाग के इस प्रयास को भी उपभोक्ता विभाग के कुछ का स्वार्थ सिद्धि कदम मान रहे है। बाह्य एजेंसी के यह अनुबन्ध के कैशियर गडबड भष्टाचार आदि अनियमिता के लिए यह कार्मिक प्रदत्त कम्पनी कितनी जिम्मेदार होगी। यह सार्वजनिक किया जायें।

– श्रम शिखर ब्यूरो




हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर + सद्भावना समिति (पंजी.)

## हमारे प्रयास और उपलब्धियां

## मेरठ राइजिंग

सर्वागीण विकास के विभिन्न रूपो में, विकसित दृष्टिकोण की जरूरत है।

**सद्भावना समिति द्वारा मेरठ विकास के लिए किये जा रहे प्रयास**

**प्रेरणापूर्वक कार्य**–समाजिक एवं राष्ट्र विकास के लिए जन–जन सहयोग, सुझाव, भागीदारी आवश्यक है। समाजिक व राष्ट्र के विकास के लिए आप हमें सुझाव मन की बात संभावनाआओं की विडियों बनाकर हमें भेज सकते है। जिससे राष्ट्र, समाज के विकास में आप, अपनी भूमिका निभा सकें।

**मेरठ विकास (मेरठ राइजिंग) के लिए जनपद में बनने वाले पहले खेल विश्वविद्यालय के बंद पड़े निर्माण को शुरू कराने के संबंध में :–** सद्भावना समिति वर्षो से जनहित विकास, सामुदायिक विकास के साथ शहर को विकसित करने का भी लगातार प्रयास कर रही है। इसी संबंध में बंद पड़े खेल विश्वविद्यालय के निर्माण को हमारे किये गये प्रयास और उपलब्धियां–सद्भावना समिति द्वारा मेजर ध्यानचन्द खेल विश्वविद्यालय के शिलान्यास से बंद पड़े निर्माण कार्य के लिए पत्र दिया गया जो केन्द्र सरकार, राज्य सरकार के साथ संबन्धित प्रशासनिक अधिकारियों को भी भेजा गया। 04.05.2024 में प्रशासन का जवाब पत्र आया जिसमें निर्माण कार्य के शुरू ना होने का कारण लोक निर्माण विभाग व जिला पंचायत का विवाद बताया गया। लेकिन 02.06.2024 में लोक निर्माण विभाग से पत्र मिला जिसमें कार्य के शुरू होना बताया गया। जिसमें ठेकेदार मैसर्स दीपान्शु प्रोमटर एण्ड बिल्डर प्रा.लि. रांची, झारखण्ड को काम के लिये चयनित बताया गया उसमें दोनो विभागों के मतभेदो का खत्म होना भी बताया गया। हमारे प्रयास द्वारा यह उपलब्धियां हुई की इसमें कार्य लगातार जारी है, और जल्द से जल्द मेरठ का प्रथम खेल विश्वविद्यालय मेजर ध्यानचन्द विश्वविद्यालय बनकर तैयार हो जायेगा। अधिक जानकारी के लिये हमारी वेबसाइट से जाकर देखें सकते है।

sadbhavnasamiti.in — रवि कुमार एडवोकेट संयोजक मो० 9675834737

सकारात्मक-सूचनात्मक उपयोगी समाचार
प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981
E-Paper : shramshikhar.com
केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, उत्तर प्रदेश विद्युत विभाग एंव भारतीय रेलवे से विज्ञापन हेतू स्वीकृत डाक-पंजीकरण संख्या मेरठ 153.2025-2027
**RNI No. UPHIN/2009/31760**
सप्ताहिक अखबार श्रम शिखर, श्रीकृष्ण भवन (अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स), 283/1, वैस्टर्न कचहरी रोड़, मेरठ
मो. 9219660359
**प्रधान सम्पादक** : सुनीता रानी 9897373736
**प्रबन्धक** : राकेश गुप्ता 9219660359
**बिक्री प्रबन्धक** : अश्विनी गुप्ता 9258402365
**इंटरनेट प्रबन्धक** : मेघा अग्रवाल 9219660359
**संरक्षक** : ब्रजभूषण 9457213164
**कानूनी सलाहकार** : दिनेश कुमार चतुर्वेदी एडवोकेट : 0121-2760145, 9720171549
**मार्केटिंग टीम** : 9219660359, 9411990449
वरिष्ठ नागरिक संयोजक
श्री सुदेश चन्द शर्मा पुत्र पं. होराम शर्मा 245 खारी कुआं कोतवाली, मेरठ 8630180430
**उ.प्र. ब्यूरो चीफ** : अभिलाष गुप्ता 9412203620
**प्रभारी दिल्ली एंव महाराष्ट्र** : मंजरी गुप्ता, 42, अनामिका अपार्टमेन्ट इन्द्रप्रस्थ विस्तार पटपड़गंज, नई दिल्ली-92
202, बाहर बिल्डिंग, दूरदर्शन हाउसिंग सोसाइटी गोकुल धाम, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई-63

### श्रमशिखर कार्यालय

**मेरठ**–श्रीकृष्ण भवन, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ। (0121–2641338) सद्भावना 68ए सांईपुरम, दिल्ली रोड, मेरठ। (9219660359), **उत्तराखण्ड** – श्री राजेश कुमार गुप्ता, श्री ओम वैष्णव भोजनालय,78 गांधी रोड, देहरादून (9411548998), **गाजियाबाद**–(09540018282), अमित कुमार, 705 सी टॉवर, सातवां तल, जी0एच0 1/1, सैक्टर 01, ग्रीन एक्सप्रेस, वैशाली गाजियाबाद,उ0प्र0 09560115905, **दिल्ली**– राखी मित्तल–एफ–1, त्रवेणी कॉम्पलेक्स शेख सराय फेस–1, न्यू दिल्ली–110017 मो0 9868511922 **हरियाणा**– राखी मित्तल, रीचमण्ड पार्क डीएलएफ, फेस–4, गुडगांव हरियाणा। मो0 9868511922 **मुजफ्फरनगर**– विजय बुक स्टोर, मेन रोड, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर। फोन: 9897185208, 9152911899 **दिल्ली**– **Ankit Sisodia GF - 89, Kailash Hills, East of Kailash, New Delhi-110065** श्रीमती रंजीता गर्ग, बी–120, शॉप नं.5, पांडव नगर दिल्ली मो. 9911808555 **लखनऊ**– अजय श्रीवास्तव, 3/20,विकास नगर लखनऊ फोन. 9335208218, **मुम्बई**–अचल गुप्ता, बी– 1603 सनटैक सिटी, गोरेगांव वेस्ट मुम्बई–63 मो.9920939916, **सरधना**–महेश गुप्ता, न्यूज पेपर एजेन्ट मौहल्ला –गुजरान,सरधना, मेरठ । **हैदराबाद** श्रीमति नेहा गोयल फ्लैट नं0 1207 गोमेड ब्लॉक ''माई होम जैवल'' मदीनागुड़ा हैदराबाद 500049

जन-जन के लिए अवसर

श्रवण यंत्र/कान

**मूर्ति हियरिंग ऐड सेंटर**

**7017397893, 9837169137**

**सद्भावना उपहार 2025**
स्वास्थ्य को स्वस्थ बनायें
जांच शुल्क में
50% तक की
छूट एक बार
**इस कूपन को साथ लायें**



**100% Computerized Digital Hearing Aid**



निकट कचहरी का पुल, 229, वैस्टर्न कचहरी रोड़, मेरठ
(जिला सहकारी बैंक के बराबर वाली गली के अन्दर)

लेख/विडियों आमंत्रित है :–

- श्रवण का जीवन यात्रा में क्या प्रभाव होता है।
- अपनी वीडिया/लेख भेंजे।
- कान की भूमिका बतायें/लिखें।
- कान का संरक्षण/कैसे करें।
- श्रवण यन्त्र के बारे आप क्या जानते हैं।

नोटः अपनी श्रवण यंत्र/कान का महत्व उपयोग अनुभव पर लेख लिखें। गुणवत्ता के आधार पर सभी को पुस्कृत किया जायेगा।

## स्वस्थ दांत, तन-मन के विकास का द्वार है

### मेडिकल जांच का अवसर - 2025 ऑफर

- सावधानी:– सोने से पूर्व एवं उठने पर दिन में दो बार ब्रश करें । • कुछ भी खाने के बाद कुल्ला अवश्य करें। • शरीर की जरूरत से पानी पीते रहे।
- स्वयं की जांच :– कैविटी, सफाई की स्वमं एवं परिवार सदस्य की जांच करें।
- मेडिकल जांच :– समय–समय पर अपने डेन्टिस्ट को दिखायें। विद्यालय में छात्रों एंव अध्यापकों को फीस में 75% अभिभावको को 50% जांच शुल्क में छूट का अवसर निम्न चिकित्सकों द्वारा 2025 अवधि में उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके लिए विद्यालय का आईडी कार्ड फोटो कॉपी पर इस अखबार में प्रकाशित कूपन देना होगा। तथा डॉ. से फोन पर ही पूर्व निर्धारित समय पर ही मिलने आयें।

लेखन अवसर :– अपने दांतो का महत्व, उपयोग पर अनुभव अधारित लेख या अपने मो. से वीडियों बनाकर , सद्भावना समिति पर भेजें, www.sadbhavnasamiti.in गुणवत्ता के आधार पर प्रोत्साहित किया जायेगा।

**सद्भावना उपहार 2025**
स्वास्थ्य को स्वस्थ बनायें
जांच शुल्क में
50% से 75% तक की
छूट एक बार
**इस कूपन को साथ लायें**

**डॉ. विवेक मित्तल शकुन डेन्टल हैल्थ क्लीनिक**
बी.डी.एस., एस. आई. एम. एस. समय पूर्व निर्धारित के लिए मो. 9997153212
615, ज्वालापुरी, नाला रोड़, माधवपुरम क्रांसिग हनुमान मंदिर, दिल्ली रोड़, मेरठ

**डॉ. नीरजा सिंह डेन्टल केयर सैन्टर**
Dental Surgeon, Ex President I.D.A. Meerut
समय पूर्व निर्धारित के लिए मो. 8899293720
जिला सहकारी बैंक के बराबर में, वैस्टर्न कचहरी रोड़, मेरठ

डाक पंजीकरण संख्या–मेरठ
**153-2025-2027 RNI No. UPHIN/2009/31760**
मालिक, प्रकाशक, मीना भूषण ने मुद्रक प्रिटिंग – इम्प्रेशन्स प्रिटिंग – पैकेजिंग लिमिटेड, 164/1, मोहकमपुर, दिल्ली रोड़, मेरठ– 250002 से मुद्रित कराकर श्रीकृष्ण भवन, गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड मेरठ से प्रकाशित किया।
सम्पादकः सुनीता रानी
प्रबन्धकः राकेश गुप्ता
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों एवं लेख के चयन एवं सपांदन हेतु जी. आर.वी. एक्ट के अर्न्तगत उत्तर दायी समस्त विवाद मेरठ न्यायालय के अधीन ही होगें।

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान

हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED

www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



**MATRIMONAL**

वैवाहिक परिचय:- वैवाहिक विज्ञापन में कार्य समूह और आर. एच. फैक्टर जांच कराकर प्रकाशित करायें। यह जन्मपत्री के साथ विज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मिलान है आवश्यकता/उपलब्धता

